हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 13 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

नागरिकों की मांग एवं समस्याओं का सरल सुगम एवं समयबद्ध समाधान करें सुनिश्चित

4



## खबर संक्षेप

### पीएमश्री सेजेस मालखरौदा में लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण

**मालखरौदा।** पी एम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मालखरौदा में 12 मई को 9 बजे सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न कक्षाओं के रिक्त सीटों की पूर्ति लॉटरी के माध्यम से की गई। जिन कक्षाओं में रिक्त सीट से कम आवेदन प्राप्त हुए थे उनको सीधा प्रवेश दिया गया एवं जिन कक्षाओं में रिक्त सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त हुए उनका चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रंजीत अजगल्ले, पालक समिति के अध्यक्ष राजकुमार चन्द्रा, सेजेस प्राचार्य श्री भारती, सिंघरा प्राचार्य एस. एल. सिदार एवं आवेदक अभिभावकगण के समक्ष निष्पक्ष एवं पूरी पारदर्शिता के साथ लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रवेश प्रभारी एवं शिक्षकगण- उपस्थित रहे।

### जिले के दो आदतन बदमाश जिलाबदर

**जांजगीर-चांपा।** जिले के दो आदतन बदमाशों को 1-1 वर्ष के लिए कलेक्टर ने जिला बदर किया है। दोनो बदमाशो के विरुद्ध अलग- अलग धाराओं के तहत अपराधिक प्रकरण एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही दर्ज है। बताया जाता है कि दोनो बदमाशो के द्वारा लोगो को गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देना, मारपीट लड़ाई झगड़ा एवं बलवा करने संबंधी अलग- अलग अपराध पंजीबद्ध है। पामगढ़ थाना क्षेत्र के भैंसो निवासी आकाश सिंह एवं बरपाली चौक चांपा निवासी फैजल खान दोनो बदमाश दुस्साहसी प्रवृत्ती एवं लोगों के साथ मारपीट कर लडाई झगड़ा करने की शिकायत है परन्तु इसके बाद भी अनावेदक के अपराधिक गुण्डागर्दी मारपीट, जान से मारने की धमकी देने में सुधार नही हुआ है। कलेक्टर ने दोनो के विरुद्ध छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत जिला बदर की कार्यवाही की है।

### बस स्टैंड पर हवा भरने वाला टैंक फटा, युवक की मौत

**जांजगीर-चांपा।** चंद्रपुर नगर में सोमवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बस स्टैंड परिसर के पास हवा भरने वाला टैंक अचानक फट गया, जिसमें 23 वर्षीय युवक जुनैद खान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। जुनैद खान वार्ड क्रमांक 4, मंडी पारा चंद्रपुर का निवासी था। बताया जा रहा है कि उसकी कुछ महीने पहले ही शादी हुई थी, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास मौजूद दुकानदार और राहगीर घबराकर बाहर निकल आए। कुछ ही मिनटों में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने एसडीएम कार्यालय में अटैच वाहन चालक को धमकाया


# दंतेवाड़ा-बस्तर के लिए बांध ले बोरिया बिस्तर, एक-दो महीने रहेंगे कलेक्टर या फिर इनके रहते ही करा दूंगा ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता और वहां पदस्थ वाहन चालक के बीच फोन पर हुई बातचीत का आडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। बातचीत में कार्यपालन अभियंता द्वारा एसडीएम कार्यालय में अटैच वाहन चालक को अश्लील गाली गलौज करते हुए धमकाया जा रहा है। खास बात यह है कि आडियो में एक दो महीने में कलेक्टर के ट्रांसफर होने पर या फिर उनके रहते ही वाहन चालक को दंतेवाड़ा-बस्तर ट्रांसफर कराने की धमकी दी जा रही है। इधर वायरल आडियो को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए है। पूरे मामले की जांच एडीशनल कलेक्टर करेंगे।

मंगलवार 12 मई को जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता द्वारा अपने ही विभाग के शासकीय वाहन चालक को फोन पर धमकी दिए जाने का आडियो तेजी से वायरल हुआ। वायरल आडियो में हुई बातचीत के अनुसार जल संसाधन विभाग में पदस्थ वाहन चालक एसडीएम कार्यालय में संलग्न है। जिन्हें रिलीव होने को लेकर बातचीत हो रही है। खास बात यह है कि आडियो में कार्यपालन अभियंता बड़े ही सख्त लहजे में अपशब्दों का प्रयोग करते हुए शासकीय कर्मचारी को धमका रहे है। उनके द्वारा कार्यालय में जाकर मारने, अभद्र भाषा में गाली गलौज करने के साथ प्रशासनिक अधिकारी, एसडीएम और कलेक्टर पर तल्ख टिप्पणी की जा रही है। दूसरी ओर जारी आडियो में वाहन चालक को विभाग के महिला अधिकारी से अपशब्द बोलने का आरोप भी कार्यपालन अभियंता लगा रहे है। इसके अलावा सख्त लहजे में कई बार अश्लील गाली गलौज करते हुए वाहन चालक को घंटे के भीतर अपने कार्यालय में आने की बात कह रहे है। इसके अलावा एसडीएम कार्यालय से कार्यमुक्त होने और नहीं होने को लेकर भी कई तरह की बातें की गई। इस दौरान यह भी कहा गया कि एसडीएम के कहने पर वाहन चालक का वेतन नहीं बनेगा। पिछली बार कलेक्टर के कहने पर एक महीने का वेतन बना है। तीन महीने का और कैसे बनेगा देखेंगे। इतना ही नहीं वाहन चालक को दंतेवाडा और बस्तर ट्रांसफर कराने की धमकी देते हुए सीधे शब्दों में कहा जा रहा है कि तुम अपना बोरिया बिस्तर बांध लो। एसडीएम को बोल देना तुम्हारा ट्रांसफर रूकवा सकते है तो रूकवा ले। एक दो महीने कलेक्टर है तब तक हैं। इनके चेंज होने के बाद तुमको बताता हूं। ट्रांसफर तो इनके रहते ही तुम्हारा करवा दूंगा। आडियो में यह बात भी कही जा रही है वाहन चालक का रिकार्डिंग उनके पास है। जिसे वे कलेक्टर को दिखाकर कार्रवाई कराएंगे। बहरहाल जिम्मेदार कार्यपालन अभियंता द्वारा शासकीय वाहन चालक को फोन पर धमकाने के साथ एसडीएम और कलेक्टर के संबंध में टिप्पणी करने के इस आडियो के वायरल होते ही सुशासन और अफसरों के अपने मातहत के साथ बर्ताव को लेकर सवाल उठने लगे है और तरह तरह की चर्चाएं होने लगी है।

### आडियो वायरल होते ही कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश



सोशल मीडिया में वायरल ऑडियो को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया में वायरल ऑडियो में जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं विभाग में पदस्थ वाहन चालक के बीच बातचीत होने का दावा किया जा रहा है, जिसमें आपत्तिजनक भाषा के उपयोग की बात सामने आई है। मामले को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर श्री महोबे ने अपर कलेक्टर को जांच कर तत्काल प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## फूड पाइजनिंग से धुरकोट में एक बालक की हुई थी मौत, तीन की हालत सामान्य

# कैसे गई बच्चे की जान, तरबूज खोलेगा राज या बिसरा रिपोर्ट से होगा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर थाना अंतर्गत ग्राम धुरकोट में तरबूज और चिकन खाने के बाद एक बच्चे की मौत तथा तीन की तबीयत खराब होने के मामले में जांच पडताल शुरू हो गई है। मृत बालक के पीएम पश्चात बिसरा प्रिजर्व जांच के लिए फोरेसिंग लैब भेजा जाएगा। दूसरी ओर घटना का कारण तरबूज को बताए जाने पर जांच टीम ने तरबूज को भी सेपलिंग के लिए भेजा है। घटना के सही कारणों को जानने अब दोनों ही रिपोर्ट के आने का इंतजार है।

गौरतलब है कि ग्राम धुरकोट में सोमवार 11 मई को तरबूज खाने के बाद एक बच्चे की मौत होने और तीन बच्चों के बीमार होने का मामला सामने आया था। बताया जाता है कि पोड़ीदल्हा गांव से अपने मामा गांव धुरकोट पहुंचे अखिलेश धीवर उम्र 15 वर्ष की तरबूज खाने के बाद मौत हो गई। वहीं उसके साथी श्री धीवर उम्र 4 वर्ष, पिंटू धीवर उम्र 12 वर्ष तथा हितेश धीवर उम्र 13 वर्ष बीमार हो गए। उन्होंने रविवार को तरबूज खाया था। इसके बाद घर में चिकन भी खाए थे।



### जांजगीर से खरीदकर ले गए थे तरबूज

घटना के बाद जिला प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग का अमला और पुलिस टीम हरकत में आई। गांव पहुंचे अफसरों ने घटना की पूरी जानकारी ली। इस दौरान पता चला कि घरवालों ने कचहरी चौक जांजगीर से तरबूत खरीदा था। रविवार को सुबह एक तरबूज का आधा हिस्सा घरवालों ने खाया, जबकि शेष आधे हिस्से को काफी देर बाद शाम के समय पांचों बच्चों ने खाया। इसमें भी अखिलेश को ज्यादा तरबूज खाना बताया जा रहा है। इसके बाद घरवालों समेत सभी ने चिकन खाया फिर रविवार की रात से ही बच्चों की तबीयत बिगडने लगी।

### रिपोर्ट का इंतजार

मृत बालक का बिसरा प्रिजर्व फोरेसिंक लैब भेजा जा रहा है। इसी तरह घर में बचे तरबूत को भी जांच के लिए भेजे है। दोनों रिपोर्ट आने के बाद ही कारणों का पता चलेगा।

-जे.पी. गुप्ता
टीआई, जांजगीर

## आरक्षक की मां की संदिग्ध मौत, पेड़ पर लटकी मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

आरक्षक की मां की संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ पर लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भिलौनी की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ थाना क्षेत्र के भिलौनी गांव में एक 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला की संदिग्ध मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। महिला की लाश पेड़ पर फांसी के फंदे से झूलती हुई मिली। मृतका के मायके पक्ष ने इस घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है, जिसे सुसाइड का रूप देने की कोशिश की गई है। वहीं मृतका का बेटा तुलसी यादव पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ बताया जा रहा है, जिससे मामला और संवेदनशील हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही पामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

### 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** पंद्रह लीटर कच्ची शराब के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रोगदा का है। ग्राम रोगदा निवासी अशोक कुमार साहू अपने घर में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है। आरोपी अशोक कुमार साहू पिता माल कुमार साहू, उम्र 31 वर्ष, निवासी रोगदा को गिरफ्तार किया है।

## सरिया पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

**सरिया।** सरिया पुलिस को काले रंग की बाइक क्रमांक एमपी 34 एमबी 0154 में दो लोग सवार होकर ओड़िशा से गांजा लेकर जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने थाना के सामने मेन रोड में घेराबंदी कर गाड़ी को रोकी गई। मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक एमपी 34 एमबी 0154 में दो लोग सवार होकर आ रहे थे। पुलिस को देखकर भागने लगे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। मोटर साइकिल चालक ने अपना नाम गणेश ठाकुर पिता आशाराम ठाकुर 29 और पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अवि घोसी पिता प्रहलाद घोसी 26 दोनों निवासी ग्राम तेन्दुखेड़ा बीड़ी कॉलोनी वार्ड नंबर 09 थाना तेन्दुखेड़ा जिला दमोह मध्य प्रदेश के रहने वाले बताए। जिनके पिट्ठू बैग को चेक करने पर पिट्ठू बैग में 04 पैकेट 02-02 किलोग्राम का अवैध गांजा मिला। गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर बरगढ़ ओड़िशा से लेकर जबलपुर मध्य प्रदेश बिक्री करने ले जाने की बात कही। गांजा के संबंध उनके द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से 09 किलो 265 ग्राम गांजा विधिवत जब्त किया गया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का अपराध सिद्ध पाये जाने से आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं थाना में अपराध क्रमांक 96/2026 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट कायम कर विवेचना में लिया जाकर आरोपियों को न्यायिक

# करही गोलीकांड के पीड़ित परिवार ने गृह मंत्री से लगाई न्याय की गुहार

## घटना के 20 दिन बाद भी नहीं लगा कोई सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

करही गोलीकांड में हुए युवक के मौत मामले में लगभग 20 दिनों के बाद भी पुलिस के हाथ कोई अहम सुराग नहीं लगे है। पुलिस जांच के नाम पर हवा में हाथ पांव मार रही है। इससे क्षुब्ध पीड़ित परिवार ने प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा के रायपुर निवास पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करही में बीते 23 - 24 अप्रैल की मध्य रात्रि क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं आयुष ट्रेडर्स के संचालक सम्मेलाल कश्यप के यहां हुए गोलीकांड में बड़े बेटा आयुष कश्यप को अज्ञात तीन नकाबपोश बंदूकधारी बदमाशों ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। वहीं दूसरा बेटा आशुतोष कश्यप को गोली लगने से घायल हो गया था। घटना की जानकारी पुलिस थाना बिर्रा को दिया गया। तत्काल पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना कर मामला को जांच में लिया गया। घटना के पखवाड़े भर बीत जाने के बाद पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कार्यालय रेंज बिलासपुर को लिखित आवेदन देकर गोलीकांड के दोषियों को गिरफ्तारी करने की मांग पीड़ित परिवार के द्वारा की गई थी। बावजूद इसके गोली कांड के आरोपी अभी भी पुलिस पकड़ से कोसों दूर है। बिर्रा पुलिस और जांजगीर-चांपा जिला के पुलिस केवल हवा में हाथ पैर मार रही है, जबकि इस मामलो को सुलझाने के लिए पुलिस अधिकारियों द्वारा कई टीमों का गठन भी किया गया है। बहुचर्चित गोली कांड में मृतक के परिजन डर के साये में दिन गुजार रहे हैं। पीड़ित परिवार ने अब छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा से उनका रायपुर निवास में मुलाकात कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। गृह मंत्री के द्वारा आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की निर्देश पुलिस को देने की बात कही गई है।



गृहमंत्री से फरियाद लगाने पहुंचे परिजन।

## गहराया पेयजल संकट, वार्डवासियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा के वार्ड 16 में पेयजल संकट गहरा गया है। पेयजल समस्या को लेकर पार्षद के साथ वार्डवासियों ने नगर पालिका कार्यालय का घेराव कर दिया। इस बीच पेयजल समस्या का समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई।

ज्ञात हो कि मंगलवार 12 मई को नगर के वार्ड क्रमांक 16 में लगातार बनी हुई पेयजल समस्या को लेकर वार्ड पार्षद विजय खांडेल एवं वार्डवासियों ने नगर पालिका परिषद अकलतरा प्रशासन पर समस्या के समाधान में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए 12 मई मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन एवं घेराव किया। पार्षद विजय खांडेल ने बताया कि वार्ड क्रमांक 16 में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। वार्डवासियों द्वारा पूर्व में चिन्हांकित स्थान पर बोर खनन एवं पाइपलाइन विस्तार के लिए नगर पालिका परिषद को लिखित आवेदन भी दिया गया था, किंतु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं वार्ड पार्षद ने बताया कि 30 अप्रैल को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर पेयजल संकट के बारे में जानकारी देते हुए शीघ्र समस्या के निराकरण का निवेदन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान चेतावनी दी गई है कि यदि पेयजल समस्या का काशिंगरा निराकरण नहीं होने की स्थिति में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।



नगर पालिका कार्यालय में धरना प्रदर्शन करते वार्डवासी।

## तहसीलदार ने पटवारी से आठ दिनों के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने दिए निर्देश

# सिंचित कृषि भूमि पर उद्योग स्थापना का ग्रामीण कर रहे विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

तहसील अड़भार अंतर्गत आने वाले ग्राम फगुरम के सिंचित कृषि भुमि पर उद्योग लगाने की तैयारी हो रही है। इसे लेकर ग्रामीण उद्योग का पुरजोर विरोध कर रहे है। इस पूरे मामले को लेकर तहसीलदार ने पटवारी को आठ दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

ज्ञात हो कि तहसीलदार कार्यालय अड़भार द्वारा ग्राम फगुरम की सिंचित कृषि भूमि पर प्रस्तावित उद्योग स्थापना को लेकर उठे विवाद में मौका जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर एवं प्रशासन को सौंपे गए आवेदन के बाद तहसीलदार ने हल्का पटवारी को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम फगुरम, तहसील अड़भार, जिला सक्ती स्थित खसरा नंबर 824/2 की भूमि पूरी तरह सिंचित कृषि भूमि है, जहां वर्षों से धान की खेती की जाती रही है। आरोप है कि उक्त भूमि पर उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, जिससे आसपास की कृषि व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में बताया कि प्रस्तावित उद्योग स्थल के आसपास बड़ी संख्या में किसानों की खेती योग्य भूमि स्थित है तथा पास में शासकीय नहर भी मौजूद है। उनका कहना है कि यदि यहां उद्योग स्थापित किया गया तो सिंचित कृषि भूमि और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जिससे किसानों की आजीविका प्रभावित हो सकती है।मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार अड़भार ने हल्का पटवारी क्रमांक 15 को निर्देश जारी कर मौके की जांच कर पंचनामा सहित विस्तृत प्रतिवेदन 20 मई 2026 तक प्रस्तुत करने को कहा है। प्रशासन द्वारा जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई किए जाने की संभावना जताई जा रही है। ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने मांग की है कि जांच पूरी होने तक उद्योग स्थापना की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए तथा किसानों के हितों को प्राथमिकता दी जाए। इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।



विरोध करने ग्रामीण पहुंचे तहसील कार्यालय।



# ग्राम पंचायतों को जोड़ा जा रहा इंटरनेट सेवा से, बिछाई गई केबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्र सरकार की भारत नेट योजना के तहत ग्राम पंचायतों का डिजिटलीकरण करते हुए इंटरनेट की सेवा से जोड़ने के लिए जिला स्तर पर काम शुरू हो गया है। पहले चरण में ब्लाक मुख्यालय के समीप की ग्राम पंचायतों को पहले इंटरनेट से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत पंचायतों में सभी तरह के कार्य ऑनलाइन हो जाएंगे।

अलग खबर

पिछले वर्ष 2025 में केन्द्र सरकार की भारत नेट योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ने का काम शुरू किया गया था। हालांकि इसके पूर्व ब्लाक मुख्यालय तक आप्टिकल फाइबर केबल बिछा दिए गए थे। लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से ग्राम पंचायतों को डिजिटलीकरण करने का काम थमा हुआ था। बीते वर्ष दिसंबर महीने से इस योजना को गति देते हुए कार्य शुरू किए गए। ग्राम पंचायतों में हाई स्पीड सेवा के लिए आप्टिकल फाइबर केबल कुछ और क्षेत्रों में बिछाने का काम चल रहा है। ताकि ग्राम पंचायतों को ऑनलाइन के कार्य शुरू किए जा सकें। इसके लिए जिले के 172 पंचायतों को शामिल किया गया है। विकासखंड मुख्यालय के समीप की ग्राम पंचायतें सबसे पहले जोड़ी जाएंगी। जिले के करतला और पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड में इस कार्य को प्राथमिता से करने के लिए समितिभी गठित की गई है।

## पंचायतों के डिजिटलीकरण का कार्य शुरू

**खास बातें**

- केन्द्र सरकार की भारत नेट योजना से जुड़ेंगी पंचायतें
- सभी ग्राम पंचायत में बनेंगे अटल डिजिटल केंद्र




### फाइबर टू द होम कनेक्शन

ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीणों को अब पंचायत स्तर पर ही इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। जिसके माध्यम से ई स्वास्थ्य, ई शिक्षा, ई गवर्नेंस जैसी सेवाएं मजबूत की जा सकेंगी। साथ ही वायफाई, हॉटस्पाट भी इस योजना के अंतर्गत स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश स्तर से एक बड़ी राशि जारी की गई है। जिले में रिंग टोकोलॉजी के माध्यम से नेटवर्क सेवा को मजबूत बनाया जाएगा।

### अटल डिजिटल केन्द्र होंगे स्थापित

ऐसे गांव जो ब्लाक मुख्यालय से दूर हैं उन्हें इस योजना से जोड़ने के लिए अटल डिजिटल केन्द्र योजना के तहत कार्य करते हुए जिन पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा जाएगा उनमें अटल डिजिटल केन्द्र स्थापित होंगे, जहां जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं ग्रामीणों को मिल सकेंगी।

## खबर संक्षेप

### भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की राष्ट्रीय बैठक हेतु अशोक रवाना हुए वृंदावन



**कोरबा।** व्यापारियों की देश की सर्वोच्च संस्था भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की विशाल बैठक 12 एवं 13 मई को धर्मनगरी वृंदावन में आयोजित की गई है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बैठक में शामिल होने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अशोक मोदी एवं प्रदेश चेयरमैन सुधीर बंसल आज वृंदावन के लिए रवाना हो गए। इस राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय चेयरमैन एवं केंद्रीय कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सुनील संगवी करेंगे। कार्यक्रम भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता एवं राष्ट्रीय महामंत्री मुकुंद मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न होगा। बैठक में देशभर के 28 राज्यों से व्यापारी प्रतिनिधि, उद्योगपति एवं संगठन पदाधिकारी शामिल होंगे। इस दौरान व्यापारियों एवं उद्योग जगत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके निराकरण पर व्यापक चर्चा की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल द्वारा केंद्रीय मंत्रियों को ज्ञापन सौंपकर व्यापार हितों की रक्षा एवं व्यापारी वर्ग को राहत प्रदान करने हेतु मांगें रखी जाएंगी।

### अवधेश बने प्रदेश संरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हुआ शपथ ग्रहण



**कोरबा।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती के अवसर पर सर्व क्षत्रिय राजपूत महासंघ, छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सामूहिक शपथ ग्रहण और स्नेह मिलन समारोह का आयोजन महासंघ के प्रधान संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह की उपस्थिति में रायपुर के स्पीकर हाउस के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजपूत क्षत्रिय क्षत्रिय समाज जिला अध्यक्ष ठा अवधेश सिंह को सर्व क्षत्रिय राजपूत महासंघ छत्तीसगढ़ का पदेन संरक्षक सदस्य नियुक्त गए हैं, साथ ही शैलेश सिंह सोमवंशी को महासंघ का उपाध्यक्ष पद पर सर्वसहमति से मनोनयन करते हुए, महासंघ के प्रांतीय कार्यकारिणी टीम में जिम्मेदारी दी गई है। अन्य 18 संगठनों को मिलाकर कुल 34 कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने भी शपथ लिये। कार्यक्रम में मुख्य रूप प्रदेश के 19 क्षत्रिय राजपूत संगठनों ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य रूप से महासंघ के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष जेके सिंह, महासचिव प्रेम सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ठाकुर ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली।

### रेलवे ने विशेष अभियान चलाकर यात्रियों से वसूले लगभग 8.33 करोड़ रुपए

**कोरबा।** बिलासपुर रेल मंडल में ट्रेनों की भीड़ अब सिर्फ यात्रियों की परेशानी नहीं बल्कि रेलवे के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। हालात ऐसे हैं कि पिछले 125 दिनों में हर घंटे औसतन 53 यात्री बिना टिकट पकड़े गए। जनवरी से 7 मई तक रेलवे ने विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में विशेष अभियान चलाकर 1 लाख 61 हजार 518 यात्रियों पर कार्यवाही कर उनसे 8 करोड़ 33 लाख 70 हजार 643 रुपए जुर्माना वसूला। सबसे ज्यादा 93 हजार से अधिक यात्री बिना टिकट यात्रा करते मिले। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक भीड़ बढ़ने के साथ जनरल टिकट लेकर स्लीपर और रिजर्वेशन कोच में घुसने की शिकायतें लगातार बढ़ी हैं। इससे रिजर्वेशन कराने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। रेल मंडल ने जनवरी से लगातार टीटीई और रनिंग स्टाफ की विशेष जांच टीम लगाई। इसी का असर है कि रोज औसतन 1290 से ज्यादा यात्रियों पर कार्यवाही हुई। रेलवे के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले बिना टिकट यात्रा के रहे, जबकि 38 हजार से ज्यादा यात्री गलत या अनियमित टिकट पर सफर करते पकड़े गए। रेलवे जांच अभियान में बिना टिकट यात्रा, गलत या अनियमित टिकट पर सफर, बिना लगेज बुकिंग सामान ले जाने, महिला कोच में पुरुष यात्रियों के बैठने, ट्रेन और प्लेटफॉर्म पर गंदगी फैलाने, धूम्रपान करने और हंगामा करने वाले यात्रियों पर कार्यवाही कर उनसे जुर्माना वसूला।

## हितग्राहियों को योजनाओं से किया लाभान्वित, सामग्री का किया वितरण

# एक ही जगह सभी अधिकारियों की उपस्थिति से नागरिकों को नहीं लगाना पड़ता चक्कर: लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में जिले में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इस कड़ी में परिवहन नगर वार्ड के नगर अंतर्गत शहरी वार्डो की समस्याओं के निराकरण के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन ट्रांसपोर्ट नगर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्टॉल का अवलोकन कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया।

**खास बात**

- शहरी क्षेत्र के परिवहन नगर जोन के सुशासन तिहार में शामिल हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन

नगर पालिक निगम अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर जोन कार्यालय में वार्ड के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में प्रदेश में 1 मई से 10 जून तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सुशासन तिहार अन्तर्गत अलग अलग शिविर लगाए जा रहे है। गर्मी और धूप होने के बाद भी आमनागरिको की समस्याओं को सुनने और निराकरण के लिए शासन-प्रशासन का पूरा अमला ही नहीं लगा है, प्रदेश के मुख्यमंत्री और मंत्री सहित सभी बड़े अधिकारी भी दूरस्थ क्षेत्र में जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अचानक से किसी भी गाँव का दौरा कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति जानने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तिहार का आयोजन के लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विशेष धन्यवाद दूंगा कि उनकी इस पहल का लाभ शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरत मंद लोग उठा पाते हैं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि यह शिविर सभी के लिए लाभदायक है। इस शिविर में आसानी से किसी समस्या का निराकरण हो पाता है, क्योंकि इसमें सभी अधिकारी मौके पर ही उपस्थित होते है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने गरीब कल्याण के लिए योजनाएं बनाई है। पीएम आवास योजना से गरीब वर्ग को लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। मंत्री श्री देवांगन ने कोरबा के विकास के लिए डीएमएफ से भी बड़ी राशि स्वीकृत होने और बुनियादी आवश्यकता बिजली, पानी, सड़क, आंगनबाड़ी, स्कूल,अस्पताल बनने की बात कही। मंत्री श्री देवांगन ने सुशासन तिहार का लाभ उठाने और आमनागरिको को जागरूक करते हुए उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने की अपील की। कार्यक्रम को महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु दे० साय के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री को लोगों की बड़ी चिंता है वे उनको योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही उनकी समस्याओं का निराकरण भी कर रहे हैं तथा निगमायुक्त आशुतोष पांडेय ने नगर पालिक निगम द्वारा किये जा रहे प्रयासों को विस्तार से बताया।




सुशासन तिहार शिविर को संबोधित करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन।

## कैदियों की हरकत पर तीसरी आंख की नजर, लगेंगे 40 हाई रिजॉल्यूशन कैमरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




फाइल फोटो

जिला जेल की सुरक्षा अब और पुख्ता होने जा रही है। जेल के चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के लिए हाई रिजॉल्यूशन वाले लगभग 40 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जेल मुख्यालय से कैमरे की खेप पहुंच चुकी है। विशेषज्ञों की टीम जल्द ही जिला जेल पहुंचेगी और सभी कैमरे को जेल के चप्पे चप्पे पर इंस्टॉल करेगी। जिसके बाद सौ से अधिक कैमरों से निगरानी होगी।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक नगरी होने की वजह से कोरबा जिला जेल में कैदियों की संख्या अधिक बनी रहती है। जेल में पर्याप्त मैनुअल बल भी नहीं है, इसलिए जेल प्रबंधन लगातार हाईटेक गतिविधियों को अपनाते हुए हाई रिजॉल्यूशन कैमरा लगाया जा रहा है। जेल अमितेश साहू ने इसके लिए जेल मुख्यालय को पत्र लिखा था जहां से स्वीकृति मिलते ही मुख्यालय से लगभग 40 हाई रिजॉल्यूशन कैमरा जिला जेल पहुंच चुकी है। ये कैमरे इतने शार्प होंगे कि रात के अंधेरे में भी कैदियों के चेहरे और हर हरकत साफ दिखेगी। जिला जेल कोरबा को हाईटेक बनाने की कवायद तेज हो गई है। हाई रिजॉल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाने का आने वाले दिनों में शुरू होगा। जेलर अमितेश साहू ने बताया कि पुराने एनालॉग कैमरे अब आउटडेटेड हो चुके थे। कई जगह ब्लाइंड स्पॉट थे। नए प्रोजेक्ट में 40 हाई रिजॉल्यूशन कैमरे लगेंगे। ये सभी कैमरा बैरक, अस्पताल वार्ड, मुलाकात कक्ष, किचन, वर्कशॉप, मुख्य गेट, वॉच टावर और 20 फीट ऊंची दीवार के बाहर तक कवर करेंगे।

### लगभग सौ कैमरे से किया जाएगा निगरानी

जेलर अमितेश साहू ने बताया कि जिला जेल में पहले से 70 कैमरा लगे हुए हैं। कुछ कैमरा खराब हुए थे उनके स्थान पर नये कैमरों को शिफ्ट किया जाएगा। साथ ही अन्य स्थानों को चिन्हांकित किया गया जहां नया कैमरा लगाया जाएगा। 40 कैमरा लगने के बाद लगभग सौ से अधिक कैमरे से कैदियों पर सीधे निगरानी की जाएगी। जेलर अमितेश साहू स्वयं अपने ऑफिस से सभी कैमरों की निगरानी करेंगे।

# मेडिकल कालेज की कैंटिन सहित खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सही दवा-शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ का आधार इस थीम के अंतर्गत 27 अप्रैल से 11 मई के बीच 15 दिवसीय सघन जांच अभियान की अंतिम चरण में निजी एवं शासकीय अस्पतालों की फार्मेसियो की निरीक्षण की कार्यवाही की गई है। यह अभियान सचिव स्वास्थ्य एवं नियत्रंक के आदेशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा गठित दल के द्वारा सहायक औषधि नियंत्रक के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन रूप से चलाया गया।

**खास बात**

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम दे रही दुकानों में दबिश

अभियान के अंतर्गत निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार में जिला कोरबा के खाद्य एवं औषधि प्रशासन के औषधि प्रकोष्ठ से औषधि निरीक्षक सुनील सांडे, रिशी साहू एवं वीरेन्द्र भगत भाग की संयुक्त टीम के साथ विशेष रूप से जन जागरूकता, विभिन्न क्षेत्रों में स्थित निजी एवं शासकीय अस्पताल की फार्मेसियो की जांच तथा एंटीबायोटिक एवं स्वापक मनः प्रभावी औषधियों के नियंत्रित उपयोग से संबधित कार्यवाही की गयी। यह अभियान औषधियों की गुणवत्त, सुरक्षित उपयोग, कोल्ड चेन संधारण, नियमानुसार विक्रय तथा जन स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। अभियान में जिला स्तर पर स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधियों तथा एंटीबायोटिक औषधियों के संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत एन. के. एच. हास्पीटल कोरबा के डाक्टर एवं नर्सिग स्टॉफ को उक्त औषधियों के दुरूपयोग के कारण शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव एवं औषधियों के प्रतिरोधक क्षमता के असर के बढ़ते खतरे के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही स्वापक एवं मनः प्रभावी औषधियों के औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम तथा अवैध उपयोग, दुरूपयोग तथा अनियमित विक्रय को रोकने हेतु एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानो की जानकारी दी गयी। तथा विभाग के द्वारा आम नागरिकों से अपील किया गया कि चिकित्सक के पर्चे के बिना ऐसी औषधियों का क्रय विक्रय अपराध है तथा इसका् स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड सकते है।



दवाईयों के जांच पड़ताल करते विभागीय अधिकारी।

### इन जगहों का किया गया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान औषधियों के संधारण, रिकार्ड संधारण, कय विक्रय अभिलेख, तापमान नियत्रंण व्यवस्था, एक्सपायरी एवं शेड्यूल एच एवं एच वन औषधियो के नियमानुसार संधारण की जांच की गयी। इसके अतिरिक्त अस्पतालों में प्रतिकूल औषधि प्रभाव की रिपोर्टिंग प्रकिया का भी परीक्षण किया गया। संबधित फार्मासिस्टो एवं प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये प्रत्येक औषधि का वितरण नियमानुसार किया जाए तथा किसी भी प्रतिकूल औषधीय प्रभाव की सूचना समय पर संबधित प्राधिकरण को उपलब्ध कराई जाये। उक्त अभियान में टीपी नगर स्थित केडीसीसी फार्मेसी डां आशीष अग्रवाल क्लीनिक, महादेव फार्मेसी शिवाय हास्पीटल, अहान मेडिकल फार्मेसी, शिवाय हास्पीटल नया बस स्टैंड, आरोग्य धाम हास्पीटल नया बस स्टैंड, हर्षिका फार्मेसी डा. प्रिंस जैन नया बस स्टैंड, पालीवाल मेडिको गेवरा, एम.के. मेडिको दिपका आदि शामिल हैं।

### जानलेवा हमले के मामले में आरोपी को दस साल की कैद

**कोरबा।** नया बस स्टैंड टीपी नगर में एक साल पूर्व युवक के गले पर ब्लेड से जानलेवा हमला करने के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने फैसला सुनाया है। जहां आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 1 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर आरोपी को अतिरिक्त 3 माह का सश्रम कारावास भुगतना होगा। अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने बताया कि ग्राम मदनपुर खरसिया निवासी आरोपी मनोज सारथी पिता जूगलाल सारथी उम्र 22 वर्ष ने 19 जुलाई 2025 की शाम करीब 4:25 बजे सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत नया बस स्टैंड में सूरज नगेसिया और सुमित्रा गिरी पहुंचे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर मनोज सारथी ने ब्लेड से सूरज नगेसिया के गले पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से बस स्टैंड में अफरा-तफरी मच गई। बीच-बचाव करने पहुंची सुमित्रा गिरी के हाथ के अंगूठे में भी चोट लगी थी। इस मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले की सुनवाई फार्स्ट ट्रेक कोर्ट माननीय सीमा प्रताप चंद्रा के न्यायालय में चल रही थी जहां आरोपी मनोज सारथी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है।

## हाइवे पर अव्यवस्थित रूप से खड़े 7 ट्रेलरों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम एवं बेसिक पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से थाना पाली पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि सरायपाली बुडबुड खदान क्षेत्र में कोयला लोडिंग हेतु आने वाले ट्रेलर वाहन एनएच-130 एवं मेन रोड हाईवे पर अव्यवस्थित रूप से खड़े होकर मार्ग अवरुद्ध कर रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बीते रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक नागेश तिवारी के नेतृत्व में थाना स्टाफ द्वारा मेन रोड हाईवे पर सघन कार्यवाही की गई। इस दौरान सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े 7 ट्रेलर वाहनों के चालकों के विरुद्ध धारा 285 बीएनएस के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा वाहन मालिकों एवं चालकों को सख्त समझाइश दी गई कि वे हाईवे एवं सार्वजनिक मार्गों पर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित न करें तथा निर्धारित पार्किंग स्थल का ही उपयोग करें। साथ ही सरायपाली बुडबुड खदान प्रबंधन एवं संबंधित मैनेजर को भी पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



**खास बात**

- पाली पुलिस ने की कार्रवाई

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

## समन्वय स्थापित करने हेतु ग्राम रक्षा समितियों का गठन

**कोरबा।** पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज पुलिस के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में थाना बालको नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्रामों के सक्रिय महिला एवं पुरुष सदस्यों को जोड़ते हुए विभिन्न ग्राम रक्षा समितियों का गठन किया गया।

थाना बालको के मंगल भवन में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, थाना प्रभारी युवराज तिवारी, क्षेत्र के पार्षदगण एवं नागरिकों की उपस्थिति में लगभग 3 सौ महिला एवं पुरुषों को ग्राम रक्षा समिति का सदस्य बनाकर परिचय पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पटले द्वारा ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों की बैठक लेकर उन्हें गांवों में होने वाले अपराध, अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम रक्षा समिति के गठन से पुलिस एवं आम जनता के बीच समन्वय और अधिक मजबूत होगा।



### उप निर्वाचन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 को सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न शाखाओं के कार्य हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर सहयोगी कर्मचारियों की पदस्थगी के आदेश जारी कर दिया गया है। नगरीय क्षेत्र एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु कानून व्यवस्था शाखा के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी अपर कलेक्टर कोरबा देवेन्द्र पटेल एवं अपर कलेक्टर कटघोरा ओंकार यादव को नोडल और सर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डाक मतपत्र/निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र शाखा के लिए सहायक संचालक सांख्यिकीय गायत्री लहरे को नोडल नियुक्त किया गया है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

### नाम परिवर्तन सूचना

शपथकर्ता :- मैं पुष्पा गोस्वामी उम्र 34 वर्ष पति भरत गोस्वामी निवासी ग्राम मुक्ता तहसील व थाना जैजैपुर जिला सक्ती छ.ग. की हूँ मेरे द्वारा निम्नानुसार यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ किः- 1. यह कि मेरे पुत्र का नाम जन्म के समय जन्म प्रमाण पत्र में सौरभ गोस्वामी पिता भरत गोस्वामी है परंतु आधार नं. 426368806296 पर सनातन गिरी गोस्वामी दर्ज हो गया है। 2. यह कि मेरे पुत्र सौरभ गोस्वामी तथा सनातन गोस्वामी एक ही है, मेरे पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र में सौरभ गोस्वामी है तथा घर पर बोल चाल में सनातन गिरी गोस्वामी कह जाता है जिस कारण से गलती से आधार नं. 426368806296 पर सनातन गिरी गोस्वामी दर्ज हो गया है। 3. यह कि दोनो नाम मेरे पुत्र का है परंतु दस्तावेजो में अलग अलग नाम होने से भविष्य में परेशानी हो सकती है जिस कारण से आज दिनांक से मेरे पुत्र का एक ही नाम सौरभ गोस्वमी रहेगा तथा मेरे पुत्र के सभी शासकीय दस्तावेजो में सौरभ गोस्वामी दर्ज किये जाने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। 4. यह कि आज मेरे पुत्र का एक ही नाम सौरभ गोस्वामी लिखा जाये तथा पढ़ा जाये उक्त साक्ष्य का यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
पुष्पा गोस्वामी

**सत्यापन**

मैं पुष्पा गोस्वामी यह सत्यापित करती हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्र. 01 से 04 तक लिखी गई बाते मेरे स्वंय की जानकारी ज्ञान व विश्वास में सत्य एवं सही है जिसे पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर आज दिनांक से 4/05/2026 को स्थान जैजैपुर में निष्पादित किया।

दिनांक

शपथकर्ती
पुष्पा गोस्वामी

### कार्यपालिक दण्डाधिकारी उप तहसील राहौद, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

// ईश्तहार//
क्रमांक/420/वा./तह./2026
राहौद, दिनांक 22/04/2026
रा.प्र.क्र........./ब-121
ग्राम-धरदेई प.ह.नं. 22

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक रघुनाथ यादव पिता रामदयाल यादव जाति यादव ग्राम जरहापारा खरौद तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने आवेदन पत्र एवं शपथपत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवेदक अपने दादा सुमंदा यादव मृत्यु दिनांक 01/1/1981 को ग्राम जरहापारा खरौद में हुआ पर भूलवश पंजीयन ग्राम जरहापारा खरौद में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो के स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 15/05/2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 22/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**राहौद**

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

ईश्तहार //
क्रमांक /Q/ तह/वा./26
शि.ना., दिनांक 08.05.2026
प्र.क्र /स-132/2026
ग्राम- तुसमा प.ह.नं.07

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक रामखिलावन पटेल पिता फदालू जाति मरार निवासी तुसमा तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी माता चैतिन बाई की मृत्यु दिनांक -03.05.2018 को ग्राम तुसमा में हुआ पर भूलवश मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यू पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 25.05.2026 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**शिवरीनारायण**



# विजय के जन्मदिन पर रिलीज होगी जन नायकन

**मुंबई।** तमिल सुपरस्टार और तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय की मच अवेटेड फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज का इंतजार कर रहे फैन्स के लिए बड़ी खबर है। हाल ही में चेन्नई में मीडिया से बातचीत के दौरान फिल्म के निर्माता वेंकट के नारायण ने बताया कि 'जन नायकन' अगले 14 दिनों के भीतर रिलीज हो सकती है। उन्होंने कहा कि फिल्म की सीबीएफसी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया अंतिम चरण में है और बोर्ड के साथ लगातार बातचीत जारी है। इसी वजह से फिल्म की रिलीज में देरी हो रही थी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म मेकर्स विजय के जन्मदिन पर 22 जून को 'जन नायकन' को रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। पिछले कुछ महीनों से यह फिल्म कई कारणों से चर्चा में बनी हुई थी।

## लाइफ Style

# आलिया

## कान फिल्म फेस्टिवल के लिए हुईं रवाना

कान फिल्म फेस्टिवल में इस बार कई भारतीय सितारों की मौजूदगी देखने को मिलने की उम्मीद है। इनमें आलिया भट्ट और ऐश्वर्या राय बच्चन से लेकर तारा सुतारिया समेत कई अन्य भारतीय सितारे भी शामिल हो सकते हैं। इस बीच आलिया भट्ट कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना भी हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आलिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोमवार तड़के आलिया भट्ट को मुंबई हवाई अड्डे पर स्पॉट किया गया। इसके बाद से ही ये कयास लगाए जा रहे हैं कि आलिया कान फिल्म फेस्टिवल के लिए रवाना हो गई हैं। इस दौरान आलिया कैजुअल लुक में नजर आईं। उन्होंने सफेद टैंक टॉप के ऊपर काले रंग का कोट पहना था, जिसे उन्होंने डेनिम जींस और बूट्स के साथ पेयर किया था। इस बीच कान से ऑनलाइन सामने आ रहे वीडियो में आलिया की तस्वीरों वाले बड़े बैनर फेस्टिवल से पहले बिल्डिंग्स पर लगाए जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। खबरों के मुताबिक, अभिनेत्री ईवा लोंगोरिया, जेन फोंडा और वियोला डेविस सहित कई इंटरनेशनल सेलेब्स के साथ शामिल होंगी। कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए आलिया ने इस अनुभव को बेहद खास बताया। एक बयान में एक्ट्रेस ने कहा कि पिछले साल का अनुभव शानदार था। मैं इस साल एक और भी बड़े इवेंट के लिए वापस आकर वाकई में उत्साहित हूं। महिलाओं के महत्व और सशक्तिकरण का मजबूती से समर्थन किया जाता है। 12 से 23 मई तक फ्रांस में होने वाले इस कान फिल्म फेस्टिवल में सिनेमा जगत से भारत समेत कई इंटरनेशनल फिल्मी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है।



## हॉलीवुड मसाला



# तुम हमारी ताकत हो मेरी जान

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के हसबैंड निक जोनस ने मदर्स डे के खास मौके पर कुछ प्यारी झलकियां शेयर की हैं। उन्होंने इस खास मौके पर वाइफ के लिए एक पर्सनल इमोशंस शेयर किया है। उन्होंने प्रियंका और उनकी बेटी मालती मैरी की कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इन तस्वीरों को पोस्ट करते हुए काफी खूबसूरत कैप्शन लिखा है। निक ने लिखा है, 'तुम हमारी ताकत हो। मेरी जान, मदर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएं। हम आपसे बहुत प्यार करते हैं।' इस पोस्ट पर प्रियंका ने खुद रिएक्ट भी किया है।




# डेजर्ट वॉरियर बनी अब तक की सबसे बड़ी फ्लॉप

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर के कई देश ज्यादा लागत वाली बेहतरीन फिल्में बना रहे हैं। जहां भारत में वाराणसी और रामायण जैसी बड़े बजट की फिल्में बन रही हैं। वहीं, चीन ने भी अपनी पहली अरब-डॉलर की ब्लॉकबस्टर फिल्म, 'ने जा 2' बनाई है। इसी तरह से सऊदी अरब ने भी बड़े बजट की फिल्म बनाई। इसमें हॉलीवुड के भी सितारे शामिल थे। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई। यह इतिहास की सबसे बड़ी बॉक्स-ऑफिस फ्लॉप बन गई। नवंबर 2021 में, सऊदी की प्रोडक्शन कंपनी, एमबीसी स्टूडियो ने 'डेजर्ट वॉरियर' नाम की एक फिल्म का एलान किया। इस फिल्म का मकसद सऊदी फिल्म इंडस्ट्री में नई जान डालना था। इसको कई प्रोडक्शन हाउस ने मिलकर बनाया। इसका निर्देशन रूपर्ट वायट ने किया।



# लंबे कद की वजह से छिनी कई फिल्में

**मुंबई।** 1997 में आई फिल्म विरासत से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अभिनेत्री पूजा बत्रा ने मॉडलिंग से अपनी शुरुआत की थी। पूजा बत्रा कई हिंदी फिल्मों का हिस्सा रहीं। हालांकि, सफल डेब्यू के बावजूद उनका कॅरियर ज्यादा लंबा नहीं रह सका। हाल ही में पूजा बत्रा ने बताया कि उनकी लंबी हाइट के चलते भी उन्हें कई फिल्मों से हाथ धोना पड़ा। क्योंकि, अधिकांश एक्टर्स की हाइट उनसे कम थी, लेकिन उनमें ईगो इतना था कि वो हीरोइन को खुद से लंबा नहीं दिखने देना चाहते थे। इसलिए वो हीरोइनों को खुद से छोटा दिखाना चाहते थे। पूजा बत्रा ने अपने शुरुआती दौर में संगीता बिजलानी की एक सलाह को याद किया। उन्होंने कहा कि मुझे याद है संगीता बिजलानी ने मुझसे कहा था, 'फिल्मों में तुम्हारा कोई चांस नहीं है, क्योंकि तुम बहुत लंबी हो'।



# डीडीएलजे को खास तरीके से किया याद...

**मुंबई।** अभिनेता अनुपम खेर ने 30 साल पुराने अपनी फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' को एक खास तरीके से याद किया है। अनुपम फिल्म से जुड़े उस मशहूर रेलवे ट्रैक पर पहुंचे, जहां फिल्म का शाहरुख खान और काजोल पर फिल्माया गया सबसे लोकप्रिय सीन शूट हुआ था। इस दौरान अनुपम ने डीडीएलजे की पुरानी यादों को ताजा किया। साथ ही उन्होंने सरकार से ऐसे स्थानों को पर्यटन स्थल घोषित करने की भी अपील की। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, इसमें वो एक रेलवे प्लेटफॉर्म पर नजर आ रहे हैं। वीडियो में अनुपम बताते हैं कि ये वो ही रेलवे ट्रैक है जहां पर शाहरुख खान और काजोल की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर और कल्ट फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का यादगार सीन शूट हुआ था।

## टीवी मसाला




# किसी को अपना कंपटीशन नहीं मानती : रुबीना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 15वें सीजन की जबरदस्त चर्चा हो रही है। आज ही शो का लॉन्च हुआ है, जिसमें कई नए और पुराने कलाकार एक साथ नजर आने वाले है। इस बार भी शो को रोहित शेट्टी ही होस्ट करेंगे, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इसी बीच रुबीना दिलैक का एक बयान चर्चा में आ गया हैं, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में रुबीना ने अपने बयान से ये साबित कर दिया है कि वो एक स्ट्रॉन्ग प्लेयर है। वीडियो में हर्ष गुजराल जब रुबीना से सवाल पूछते हैं कि यहां सबसे ज्यादा कंपटीटिव हैं इस गेम में, उसका क्या रीजन है? तो रुबीना बहुत ही सिंपल तरीके से जवाब देती हैं, 'मैं किसी को अपना कंपटीशन नहीं मानती हूं।' तब हर्ष गुजराल मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'फिर ऐसा करो, आप अकेले ही अफ्रीका चली जाओ।' तब रुबीना बोलती हैं, 'आप देखोगे कि मैं अकेले ही स्टंट्स करूंगी, क्योंकि मैं खुद का कंपटीशन हूं। मैं रुबीना 2.0 हूं, क्योंकि मां बनने के बाद क्या कुछ चेंज होता है, वो शायद आप में से कोई नहीं जान सकता है।' बता दें कि 'खतरों के खिलाड़ी' के 12वें सीजन में रुबीना दिलैक ने भाग लिया था. साथ ही अपनी मजबूत परफॉर्मेंस से टॉप 5 में जगह बनाई थीं। इसके बाद दोबारा उनकी वापसी ने फैंस को खुश कर दिया हैं और उनका ये अंदाज भी बहुत पसंद किया जा रहा है। इस बार शो में रुबीना दिलैक, जैस्मिन भसीन, हर्ष गुजराल, फरहाना भट्ट, गौरव खन्ना, करण वाही, ऋत्विक धनजानी, विशाल आदित्य सिंह, शगुन शर्मा, ओरी और अविका गौर हिस्सा ले रहे है।

## कपिल शर्मा शो पर 'साजिश' का दावा

**नई दिल्ली।** खुद का 'कॉमेडी का लाल' बताने वाले सुनील पाल भी कमाल हैं। वह हफ्ते भर में अपनी ही बात से पलट गए हैं। हाल ही 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के स्पेशल एपिसोड में नजर आने के बाद सोशल मीडिया पर सुनील पाल चर्चा में आए। 2 मई को स्ट्रीम हुए एपिसोड में समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया शामिल थे। 'लेटेंट विवाद' के बाद सुनील पाल और समय रैना पहली बार आमने सामने थे। कई लोगों को लगा था कि एपिसोड में सुनील पाल को जान-बूझकर निशाना बनाया गया। लेकिन, तब सुनील पाल ने कहा था कि 'उन्हें कुछ बुरा नहीं लगा।' लेकिन अब एक नए पॉडकास्ट में वह बिफर गए हैं। उन्होंने सीधे-सीधे कपिल शर्मा पर 'समय रैना के लिए फेवरटिज्म' का आरोप लगाया। यही नहीं, 51 साल के सुनील ने अर्चना पूरन सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू को भी बुरा-भला कहा है और 'साजिश' रचने का दावा किया।



# अनन्या और लक्ष्य की चांद मेरा दिल का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की आगामी रोमांटिक फिल्म 'चांद मेरा दिल'का ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर में दोनों के बीच जबरदस्त रोमांस देखने को मिल रहा है। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में रोमांस, इमोशन और भरपूर ड्रामा देखने को मिलने वाला है। ट्रेलर से फिल्म की स्टोरी के बारे में भी काफी कुछ हिंट मिलती है। 2 मिनट 54 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत अनन्या और लक्ष्य के एक रोमांटिक सीन से होती है। लेकिन अचानक दोनों के बीच झगड़ा हो जाता है। ट्रेलर में कुछ भी नया या अलग देखने को नहीं मिलता है। वो ही पहले प्यार, फिर रोमांस, फिर झगड़ा और ड्रामा और अंत में संभवतः हैप्पी एंडिंग। ट्रेलर में स्टोरी के बारे में काफी कुछ पता चलता है। इससे इतना स्पष्ट होता है कि यह एक नॉर्मल लव स्टोरी है, जैसी कई फिल्मों में पहले भी देखने को मिल चुकी है। इस ट्रेलर में फिल्म की बाकी कास्ट में कोई खास चेहरा नजर नहीं आता है। पूरे ट्रेलर में अनन्या और लक्ष्य ही नजर आते हैं। अनन्या का किरदार काफी हद तक 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' जैसा मालूम पड़ता है। उनकी एक्टिंग में भी कोई बदलाव या नयापन नजर नहीं आता। हां, लक्ष्य पहली बार इस तरह के फुल प्लेस रोमांटिक हीरो के किरदार में नजर आएंगे। लेकिन ट्रेलर के गुस्से वाले और चिल्लाने वाले सीन में वो उतने प्रभावी नहीं लगते हैं।



# 'अंखियों के झरोखों से' गाना लिखने वाले गीतकार बचपन से थे दृष्टिहीन, खुद नहीं देखी दुनिया...

**नई दिल्ली।** अंखियों के झरोखों से... क्या आप सोच सकते हैं कि दिल की गहराई में उतरने वाला यह गाना जिस शख्स ने लिखा है, उसने खुद कभी दुनिया नहीं देखी? भारतीय संगीत जगत में अगर किसी ऐसे व्यक्ति का नाम पूछा जाए जिसने अपनी शारीरिक कमजोरी को ही अपनी ताकत बना लिया तो वह रवींद्र जैन हैं। जन्म से दृष्टिहीन होने के बावजूद, उन्होंने बॉलीवुड को ऐसे गाने दिए जो आज भी जगमगा रहे हैं। रवींद्र जैन को लोग दादू कहकर बुलाते थे।

### 4 साल की उम्र से सीख रहे संगीत

रवींद्र जैन का जन्म 1944 में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में हुआ था। उनके पिता संस्कृत के विद्वान और आयुर्वेदाचार्य थे। रवींद्र जैन जन्म से ही देख नहीं सकते थे। हालांकि, बचपन से ही रुचि संगीत में थी। उनके पिता को लगा कि रवींद्र को किसी कमी का अहसास न हो इसलिए 4 साल की उम्र में ही उनके लिए घर पर संगीत की शिक्षा की व्यवस्था कर दी। उन्होंने अलीगढ़ के ब्लाइंड स्कूल से पढ़ाई की। वह मंदिरों में भजन भी गाते थे। रवींद्र संगीत सीखते रहे फिर आगे चलकर उन्होंने कोलकाता जाकर आगे की शिक्षा ली। रवींद्र जैन को लगा कि संगीत ही उनकी जिंदगी है। उन्होंने रेडियो स्टेशंस पर ऑडिशन दिए, लेकिन उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया।



### ऐसे हुई फिल्मों में एंट्री

रवींद्र जैन के कोलकाता वाले गुरु एक फिल्म बनाना चाहते थे। इसमें संगीत देने के लिए 1969 में वह रविंद्र जैन को अपने साथ मुंबई ले गए। इस मूवी का नाम लोरी था। 1972 में रवींद्र जैन को सौदागर फिल्म से पहचान मिली। 1975 में गोरी तेरा गांव बड़ा प्यार लोगों को खूब पसंद आया। 1978 में आई फिल्म अंखियों के झरोखों से के टाइटल सॉन्ग को रवींद्र ने ना सिर्फ लिखा बल्कि म्यूजिक भी दिया था।

### रवींद्र जैन के कुछ फेमस गाने

- अंखियों के झरोखों से
- गोरी तेरा गांव बड़ा प्यारा
- जब दीप जले आना
- श्याम तेरी बंसी
- गीत गाता चल
- हुस्न पहाड़ों का
- सुन साहिबा सुन
- एक राधा एक मीरा
- सजना है मुझे सजना के लिए
- कौन दिशा में लेके
- जोगी जी धीरे-धीरे
- मुझे हक है (विवाह)

## धुरंधर-2 से कर्तव्य तक, मिलेगा एंटरटेनमेंट का डबल डोज

# इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इन दिनों गजब हो रहा है। गर्मियां बढ़ती जा रही हैं। वीकएंड पर लोग घर पर सुकून से रहना पसंद कर रहे हैं। मगर, मनोरंजन में कोई कमी न बीते हफ्ते रही और न इस वीक रहेगी। ओटीटी पर जबर्दस्त सीरीज और फिल्में जो रिलीज हो रही हैं। इस वीक भी एक्शन और थ्रिलर से भरपूर कई ऑप्शन उपलब्ध हैं।*





**धुरंधर द रिवेंज** : महीनेभर से ज्यादा समय तक सिनेमाघरों में धमाल करने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' आखिर ओटीटी पर आने को तैयार है। आदित्य धर निर्देशित रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर माधवन अभिनीत इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। ऐसा करने वाली यह पहली बॉलीवुड फिल्म है। दर्शक 15 मई से इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**कर्तव्य** : यह क्राइम ड्रामा फिल्म है। इसे पुलकित ने निर्देशित किया है। वहीं, शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में सैफ अली खान, रसिका दुग्गल, संजय मिश्रा और मनीष चौधरी जैसे सितारे हैं। सैफ अली खान फिल्म में पुलिस ऑफिसर के रूप में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**द क्रैश** : यह एक क्राइम आधारित डॉक्यूमेंट्री है। द क्रैश 2022 की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें ओहियो की 17 साल की किशोरी मैकेंजी शिरिला ने जान-बूझकर 100 मील प्रति घंटे की रफ्तार से अपनी कार एक ईंटों वाली इमारत से टकरा दी थी। इस घटना में उसके बॉयफ्रेंड डोमिनिक रूसो और उसके दोस्त डेवियन फ्लैनगन, दोनों की मौत हो गई थी। उसे 12 गंभीर अपराधों का दोषी ठहराया गया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। 'द क्रैश' 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**मार्टी, लाइफ इज शॉर्ट** : कॉमेडियन मार्टिन शॉर्ट पर बनी यह आगामी डॉक्यूमेंट्री, थिएटर और कॉमेडी की दुनिया में उनके शानदार और मशहूर कॅरियर को दिखाती है। यह कॉमेडी में उनके 50 साल के सफर के उतार-चढ़ाव और उनकी विरासत को दिखाती है। इस फिल्म में उनके कॅरियर के दुर्लभ फुटेज और उनके करीबी दोस्तों और सह-कलाकारों के साथ की गई खास बातचीत शामिल है। इस डॉक्यूमेंट्री को दर्शक 12 मई से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। बता दें कि मार्टिन शॉर्ट एक कनाडाई हास्य कलाकार, अभिनेता और लेखक हैं।

**एग्जाम** : यह एक तमिल ड्रामा सीरीज है। इसे नेशनल अवॉर्ड विजेता ए. सर्कुनम ने लिखा है और इसके निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। यह शो एक प्रतियोगी परीक्षा के दबाव भरे माहौल में एक तनावपूर्ण और भावनात्मक सफर पर आधारित है। 'एग्जाम' सीरीज 15 मई से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

**इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2** : रणदीप हुड्डा, उर्वशी रौतेला, अमित सियाल, शालिन भनोट, राहुल मित्रा, जाकिर हुसैन, आयशा एस. ऐमन, जोहेब फारूकी जैसे कलाकारों से सजी 'इंस्पेक्टर अविनाश' का दूसरा सीजन भी इस वीक ओटीटी पर दस्तक देगा। यह सीरीज यूपी पुलिस के अफसर अविनाश मिश्रा की कहानी है, जो एसटीएफ के प्रमुख हैं और गैंगस्टरों को अपना निशाना बनाते हैं। यह सीरीज 15 मई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन** : बर्लिन एंड द लेडी विद एन एरमाइन, मनी हाइस्ट का आठ-एपिसोड का स्पिन-ऑफ है। स्पेन के सेविले में सेट यह बर्लिन (पेड्रो अलोंसो) और उसकी टीम की कहानी है, जो बदले की भावना से प्रेरित एक और बड़ी चोरी को अंजाम देने के लिए वापस लौटते हैं। इसे दर्शक 15 मई से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### उपभोक्ता अधिकार संगठन के शेख मोहम्मद प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त



**अकलतरा।** उपभोक्ता अधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव के द्वारा अकलतरा निवासी शेख मोहम्मद उस्मान को छत्तीसगढ़ राज्य के लिए प्रांतीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके उत्तम कार्य-व्यवहार के लिए उपभोक्ता अधिकार संगठन (इंटरनेशनल) की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं राष्ट्रीय प्रतीक चिन्हों के साथ उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि शेख मोहम्मद उस्मान को पूर्व में भी मानव अधिकार "एक्सीलेंस" से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### देव पब्लिक स्कूल में संगीत प्रतियोगिता का आयोजन आज

**बिर्रा।** संगीत महाविद्यालय के द्वारा संगीत के प्रचार-प्रसार तथा उत्थान की दृष्टि से संगीत प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार 13 मई को देव पब्लिक स्कूल बिर्रा में सुबह 10 बजे से होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र प्रातः 10 बजे होगा तथा समापन सत्र एवं पुरस्कार वितरण शाम 7 बजे सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गगन जयपुरिया जिला पंचायत उपाध्यक्ष , मोहन कुमारी साहू जिला पंचायत सदस्य, गोपीसिंह ठाकुर, एकादशियां साहू, रितेश रमण सिंह, मणिलाल कश्यप, दिनेश चंद्रा, डॉ. शुभम शुक्ला, धनेश कुमार मिश्रा, राजेन्द्र पाणिग्रही, बी एल सागर, श्यामसुंदर चंद्रा, रामकिशोर देवांगन उपस्थित रहेंगे। इस संगीत प्रतियोगिता में 75 प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। तीनों संवर्ग में प्रथम , द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को क्रमशः 2101, 1501 तथा 1101 रु. एवं स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया जावेगा। गुरुघासीदास संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य के ऑर कश्यप , अध्यक्ष ऑर के सोनवानी , संयोजक मनोज तिवारी ने सभी संगीत प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में पंहुचकर छात्रों का उत्साह वर्धन कर संगीत के प्रचार-प्रसार में सहभागिता निभाने की अपील की है। कार्यक्रम की आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### किरारी की ललिता 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बनी स्कूल टॉपर




**किरारी।** ग्राम किरारी की छात्रा ललिता जगत ने हाई स्कूल परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। ललिता शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रही हैं। नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन के दम पर उन्होंने यह सफलता हासिल की। जांजगीर स्थित आकांक्षा परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने छात्रा को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान स्कूल की प्राचार्य अंजूला सोनी एवं शिक्षक दीपक भानू भी मौजूद रहे। ग्राम सरपंच अशोक कश्यप ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे गांव के लिए गौरव का विषय है। स्कूल प्रिंसिपल अंजूला सोनी के शिक्षा के प्रति सक्रिय नेतृत्व की सराहना किया वहीं कमल कश्यप, सुभाष कश्यप, दीपक भानू एवं अनुभव तिवारी ने भी छात्रा की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ललिता ने अपनी मेहनत से यह साबित कर दिया है कि गांव की प्रतिभाएं भी किसी से कम नहीं हैं। ग्रामीणों और शिक्षकों का कहना है कि ललिता की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

### राछाभांठा चौक में सार्वजनिक सुलभ शौचालय निर्माण की मांग

**नवागढ़।** जिले के नवागढ़ नगर पंचायत अंतर्गत राछा भांठा चौक में सार्वजनिक सुलभ शौचालय निर्माण की मांग को लेकर सुशासन तिहार के दौरान जनहित में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। यह आवेदन समाजसेवी एवं भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र रत्नाकर द्वारा संबंधित विभाग को सौंपा गया। आवेदन में बताया गया कि राछा भांठा चौक क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं दूर-दराज से आने वाले लोगों का आवागमन होता है। क्षेत्र में तहसील कार्यालय, अस्पताल एवं अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए आने वाले लोगों को सार्वजनिक शौचालय की सुविधा नहीं होने के कारण भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा इस मूलभूत आवश्यकता की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं हो सकी है। सुशासन तिहार के अवसर पर प्रस्तुत इस आवेदन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई है कि आम जनता की सुविधा एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए राछा भांठा चौक में जल्द से जल्द सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निर्माण कराया जाए। इस अवसर पर सुरेन्द्र रत्नाकर ने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। सार्वजनिक शौचालय निर्माण से आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक पहल करते हुए जनहित में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।

**सुशासन तिहार:** ग्राम पंचायत भड़ेसर एवं नगर पंचायत नवागढ़ में लगा शिविर

# नागरिकों की मांग एवं समस्याओं का सरल सुगम एवं समयबद्ध समाधान करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान हेतु जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जनसमस्या समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार 12 मई को नगर पंचायत नवागढ़ के प्रगति क्लब एवं जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत भड़ेसर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत भड़ेसर में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया एवं सभी नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए शत प्रतिशत हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को आवास की चाबी प्रदान की गई। साथ ही मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण स्वीकृति पत्र, श्रम कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, सुपोषण किट, ऋण पुस्तिका सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज एवं सामग्रियों का वितरण किया गया। स्व-सहायता समूहों की दीदियों को स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक वितरित कर लाभान्वित किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर में ग्राम पंचायत भड़ेसर में कुल 716 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमे 690 मांग एवं 26 शिकायत से संबंधित है। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जिनके माध्यम से ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

**विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री एवं सहायता राशि वितरित**



शिविर में बच्चों को चेक वितरित करते अतिथि।

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि शासन का उद्देश्य आम जनता तक योजनाओं एवं सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ लोगों की समस्याओं का सरल, सुगम एवं समयबद्ध निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण करते हुए निराकरण किया जाए। उन्होंने राजस्व विभाग से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि डीएपी खाद के बदले नैनों यूरिया के उपयोग हेतु प्रेरित करने कहा तथा किसानों की आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एग्रीस्टैक से संबंधित योजनाओं एवं तकनीकी जानकारी किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराने कहा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शिविरों के माध्यम से रोजगार एवं ऋण मेलों का आयोजन किया जाए तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जाए। इस अवसर पर पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन ने भी संबोधित किया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, अमर सुलतानिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांता मनमोहन कश्यप सहित जनप्रतिनिधि विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सुशासन तिहार अंतर्गत 13 मई को नगर पालिका जांजगीर-नैला के सांस्कृतिक भवन कचहरी चौक में एवं जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत परसाही (नाला) के पू.मा.शाला परसाही में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे।



## 108 घरों में एक साथ होगा गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय संस्कृति की महान यज्ञीय परंपरा को पुनर्जीवित करने एवं समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से आगामी रविवार 17 मई को जांजगीर नगर में एक भव्य एवं ऐतिहासिक "गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ" का आयोजन किया जा रहा है। इस विराट अभियान के अंतर्गत नगर के 108 घरों में एक ही समय पर सामूहिक रूप से गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराया जाएगा।

- महाअभियान को सफल बनाने गायत्री परिवार चला रहा जनसंपर्क अभियान

गायत्री परिवार जांजगीर के परिजनों द्वारा इस महाअभियान को सफल बनाने हेतु व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। टोली बनाकर कार्यकर्ता घर-घर पहुँच रहे हैं तथा भारतीय परंपरा के अनुरूप पीला चावल, हल्दी एवं सुपाड़ी देकर श्रद्धापूर्वक यज्ञ का आमंत्रण प्रदान कर रहे हैं। नगर के विभिन्न मोहल्लों एवं वार्डों में आत्मीय वातावरण निर्मित हो रहा है तथा नागरिकों में इस आध्यात्मिक आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। गायत्री शक्तिपीठ जांजगीर के मुख्य प्रबंधक जगदीश चंद्र साहू ने बताया कि यज्ञ भारतीय संस्कृति की प्राण चेतना है। हमारे ऋषि-मुनियों ने यज्ञ को मानव जीवन के सर्वांगीण उत्थान का आधार माना है। वर्तमान समय में परिवारों में बढ़ती अशांति, तनाव एवं सामाजिक विकृतियों के समाधान हेतु यज्ञीय जीवनशैली अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि "गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ" अभियान का उद्देश्य प्रत्येक परिवार तक आध्यात्मिक ऊर्जा, संस्कार एवं सद्विचारों का प्रकाश पहुंचाना है। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन संतोष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी दिसंबर माह में नैला-जांजगीर में एक विराट एवं ऐतिहासिक 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन प्रस्तावित है। इस महायज्ञ में हजारों श्रद्धालु परिजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु अभी से जनजागरण एवं संगठनात्मक तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं।

## दुष्टों के संहार के लिए भगवान श्रीकृष्ण स्वयं लेते हैं अवतार: राधे प्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

मां चंडी के पावन धरा आदर्श ग्राम पंचायत खोरसी में पटेल निवास में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास दीदी राधे प्रिया श्री धाम वृंदावन ने कहा कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण दुष्टों के संहार के लिए स्वयं अवतार लेते हैं। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि मथुरा नगर में उग्रसेन नामक राजा हुआ करते थे। उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। पुत्र का नाम कंश था और पुत्री का नाम देवकी था। कंश बहुत ही अत्याचारी था वह लोगों पर अत्यधिक अत्याचार करते थे। कंश जब बड़ा हुआ तब उन्होंने राजसिंहासन पाने के लिए अपने ही पिता उग्रसेन को कारागृह में डाल दिया और हथकड़ियों से जकड़ दिया। जैसे ही देवकी विवाह योग्य हुआ उन्होंने अपने मित्र वशुदेव के साथ उसका विवाह निश्चित किया और उन दोनों का विवाह समारोह संपन्न कराया विवाह के कुछ समय पश्चात राजा कंस अपने बहन और बहनोई पर अत्याचार करने लगा और बहन



देवकी के ऊपर तलवार से प्रहार करने लगा उसे देखकर वशुदेव जी राजा कंस को समझाया पर वह नहीं माना। कुछ दिनों के बाद भगवान श्रीकृष्ण चर्तुभुज रुप में माता देवकी के गर्भ से जन्म लिया जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण जन्म लिया उस समय चारों तरफ प्रकाश फैल गया उन्होंने अपने लीला करते बकासुर, अघासुर, कालिया मर्दन और अंत मेंकंस का वध किया। कथा श्रवण करने प्रशांत कुमार दुबे, अरविंद कुमार गोड़, पुरषोत्तम साहू, सुन्दर लाल सोन, लकेश्वर साहू, कौशल साहू,सनत कुमार निर्मलकर, अश्विनी कुमार साहू,लेखराम निर्मलकर, प्रदीप चौहान, मनोज कुमार गोंड, शंकर लाल साहू,पोखराम साहू व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जीवन दीप समिति की बैठक में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर बनाने हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा की जीवनदीप समिति की बैठक जनपद पंचायत मालखरौदा के सभाकक्ष में हुई। बैठक जीवनदीप समिति के अध्यक्ष चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

- प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों को प्रेषित किए जाने लिया गया निर्णय

बैठक में क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कई आवश्यक प्रस्तावों एवं आवश्यकताओं पर विचार किया गया। बैठक में चिकित्सकों एवं स्टाफ नर्सों की कमी को दूर करने, ट्रॉमा यूनिट की स्थापना, सोनोग्राफी मशीन एवं सोनोलॉजिस्ट की उपलब्धता, ब्लड बैंक की स्थापना तथा गायनेकोलॉजिस्ट एवं एनेस्थेटिस्ट की आवश्यकता पर विशेष चर्चा की गई। अस्पताल में मरीजों एवं कर्मचारियों की सुविधा हेतु 5 नग कूलर, ओपीडी, लैब, आईपीडी, फार्मेसी एवं स्टोर में 1.5 टन एसी लगाए जाने की आवश्यकता पर भी विचार किया गया। इसके अतिरिक्त लैब के सामने, कार्यालय के सामने एवं आईपीडी के सामने शेड निर्माण, पुराने भवन की छत की मरम्मत, ओपीडी भवन की मरम्मत एवं रंग-रोगन कार्य तथा नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में दो आया बाई, एक कंप्यूटर ऑपरेटर, एक लैब टेक्नीशियन एवं एक फार्मासिस्ट को समिति में रखने हेतु अनुमोदन पर भी चर्चा की गई। फंड की उपलब्धता के आधार पर जे.डी.एस. कर्मचारियों के समय पर भुगतान, बिजली रिपेयरिंग कार्य, नए बोर खनन की आवश्यकता एवं सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु नवीन स्वीपर भर्ती किए जाने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। समिति द्वारा सभी आवश्यक प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों को प्रेषित किए जाने एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन हेतु आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया गया। इस बीच विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुविधा और आमजन की सुविधा के अनुरूप बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जनपद उपाध्यक्ष कवि शरण वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रूपेंद्र पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी तजेस्वर यादव, स्वास्थ्य विभाग के सभापति श्रीमती खिकबाई कमलेश के अलावा समिति के पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ मृत्युजंय राठौर थनेश्वर पटेल बीपीएम, स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



बैठक में विचार विर्मश करते विधायक, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

## महिला सफाई कर्मियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर पालिका की महिला सफाई कर्मियों के साथ 10 मई को बीबी फ़ातिमा मानविकी फ़ाउंडेशन के सदस्यों द्वारा परवाह कार्यक्रम मनाया गया। यह आयोजन मेहनतकश मातृशक्तियों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने का एक सुंदर प्रयास था, जो हर दिन शहर की स्वच्छता और सुंदरता के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करती हैं।

इस विशेष अवसर पर महिला सफाई कर्मियों को उपहार स्वरूप साड़ियां एवं हैंड ग्लव्स भेंट की गईं। साड़ी पाकर सभी बहनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उनके मन में जो अपनापन और सम्मान का भाव दिखाई दिया, उसने पूरे वातावरण को भावुक बना दिया। कई महिलाओं ने कहा कि उन्हें पहली बार ऐसा महसूस हुआ कि उनके कार्य और संघर्ष को भी समाज ने दिल से सम्मान दिया है। कार्यक्रम के दौरान सभी महिला कर्मियों ने फाउंडेशन के इस प्रयास की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल एक उपहार नहीं, बल्कि उनके परिश्रम की पहचान है। कार्यक्रम में




उपस्थित सभी लोगों ने यह महसूस किया कि समाज के वास्तविक नायकों का सम्मान करना ही सच्ची मानवता है। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोगी रही श्रीमती वंदना पांडे का धन्यवाद ज्ञापन किया। बीबी फ़ातिमा मानविकी फ़ाउंडेशन द्वारा किया गया यह प्रयास मानव सेवा, संवेदनशीलता और सम्मान का सुंदर उदाहरण बन गया। मदर्स डे के इस अवसर पर दिया गया प्रेम, सम्मान और अपनापन सभी के दिलों को छू गया।

## नर्सिंग दिवस पर छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**जांजगीर-चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर आकाश पैरामेडिकल एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत अध्ययनरत नर्सिंग छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में रंगोली, हेल्थ पोस्टर, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा आनंद मेला जैसे रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान संस्था के डायरेक्टर डॉ. जे. साहू ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नर्सिंग क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवता का प्रतीक है। स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका मरीजों के सहयोगी और सहायक के रूप में बेहद महत्वपूर्ण होती है।इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य रीता पटेल, शिक्षिका सोनल नेमी सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने विभिन्न विभागों के कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

- कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

बैठक में सुशासन तिहार 2026 के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुँचना चाहिए तथा प्राप्त प्रत्येक आवेदन और शिकायत का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

### 98 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। पुलिस ने थाना तमनारए भूपदेवपुर और चक्रधरनगर क्षेत्र में अलग.अलग छापेमारी कर कुल 98 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में 2 महिलाओं समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

आवश्यकता है
महादेव एजेंसी
केरा रोड जांजगीर में काम करने वाले योग्य युवक युवतियों की आवश्यकता है।
कंप्यूटर आपरेटर-2 पद
चारपहिया वाहन ड्राइवर-4 पद
हेल्पर-4 पद
वेतन योग्यतानुसार
संपर्क नंबर
8815167156



रायपुर , उसलापुर , शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9, 500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411